महत्वपूर्ण एवं खास

मोबाइल शॉप में लगी भीषण आग, लाखो का माल जलकर स्वाहा

रायगढ़ (आरएनएस)। शहर के केवड़ाबाड़ी के सामने अजंता मोबाइल शॉप में आज सुबह भीषण आग लग गई। आग से दूकान में रखा लाखों का मोबाइल और सामान जलकर खाक हो गया। दुकान से धुआं उठने देख लोगों ने पुलिस को सूचना दी, जिस पर पुलिस के जवान तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचित कर मौके पर दमकल की गाड़ियां बुलवा कर आग पर काबू पाया गया।

बिलासपुर जिले में अब शादी समारोह की इजाजत के लिए थाने में देनी होगी सूचना

बिलासपुर (आरएनएस)। बिलासपुर जिले में बढ़ते कोरोना संक्रमण को देखते हुए व कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए। जिला प्रशासन ने शादी समारोह के लिए गाइड लाइन जारी की है। जारी गाइड लाइन में ये लिखा है कि अब आप सिर्फ शादी समारोह की सूचना देकर भी शादी कर सकेंगे। लिखित में अनुमति की जरूरत अब नहीं होगी। आप जिस जगह पर रह रहे है बस उसी सम्बंधित थाने में सूचना देनी होगी। अगर कोई भी इस गाइड लाइन का उल्लघंन करेगा तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।

माता पिता के बीच हुए विवाद से गुस्साए बालक ने सिलेंडर पटककर कर दी पिता की हत्या

» आरोपी सहित नाबालिग 3 गिरफ्तार

पत्थलगांव (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के पत्थलगांव इलाके से एक बड़ी खबर सामने आई है। जहां एक नाबालिग बच्चे ने अपने पिता की हत्या कर दी। बच्चे ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर सिलेंडर से पिता के सिर पर वार कर दिया। पिता ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। ईधर घटना के बाद पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। ये पूरा मामला मनोरा थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार नाबालिग की मां और पिता के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था।

पिता ने माँ को निकाला था घर से :- विवाद के बाद नाबालिग के पिता ने उनकी मां के घर से निकाल दिया था। इसी बात को लेकर एक बार फिर पिता और बेटे के बीच विवाद हो गया। जिसके बाद नाबालिग बच्चे ने दो दोस्तों के साथ मिलकर सिलेंडर से सिर पर वार कर दिया। जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई। मनोरा थाना पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

मुठभेड़ में पांच लाख का इनामी एक नक्सली ढेर

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र कटेकल्याण थाना क्षेत्र अंर्तगत ग्राम चिकपाल में बुधवार देर शाम हुई मुठभेड़ में पांच लाख के इनामी नक्सली मुया मरकाम को जवानों ने मार गिराया है। दंतेवाड़ा एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने इनामी नक्सली मुया मरकाम के मारे जाने की पुष्टि करते हुए बताया कि क्षेत्र में अब भी सर्चिंग जारी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कटेकल्याण थाना क्षेत्र के चिकपाल मारजुम इलाके में नक्सलियों के मौजूदगी की मुखबिर से मिली सूचना पर तीन जिले के एसटीएफ, डीआरजी व सीआरपीएफ की संयुक्त पार्टी को रवाना किया गया था। सुरक्षाबल को अपनी ओर आजा देख नक्सलियों द्वारा गोलीबारी शुरू कर दी, जवाबी कार्यवाही में एक इनामी नक्सली मारा गया।

आंगनबाड़ी बंद के दौरान भी गर्भवती माताओं एवं कुपोषित बच्चों तक

» नियमित पहुंचे गर्म भोजन-कलेक्टर भीम सिंह

» 12 ग्राम पंचायत हुए शत-प्रतिशत कुपोषण मुक्त

रायगढ़। कलेक्टर भीम सिंह ने आज वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से महिला एवं बाल विकास विभाग की वर्चुअल बैठक ली। बैठक में कलेक्टर सिंह ने विभागीय कार्यो की योजनावार समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सेक्टरवार कुपोषण में आयी कमी की समीक्षा करते हुए कहा कि कुछ ग्राम पंचायत शत-प्रतिशत कुपोषण मुक्त हो चुके हैं। जिससे प्रेरणा लेकर अन्य सेक्टरों के ग्राम पंचायत एवं वार्डो को भी शत-प्रतिशत कुपोषण मुक्त बनाने की दिशा में तेजी से कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार वर्तमान में कोविड के मद्देनजर जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों को बंद किया गया है। ऐसे में गर्भवती माताओं एवं कुपोषित बच्चों के सेहत को ध्यान में रखते हुए उन्हें नियमित गर्म भोजन प्रदाय किया जाए। इसकी विभागीय अधिकारियों द्वारा मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सिंह ने बैठक के दौरान नवंबर एवं दिसम्बर माह तक कुपोषण मुक्ति की समीक्षा करते हुए अद्यतन जानकारी ली। कलेक्टर सिंह ने कहा कि आगामी दिनों में प्रगति और बेहतर होनी चाहिए। उन्होंने बरगढ़, सिसरिंगा, मदनपुर, बीरसिंहा, डूमरपाली, हाटी, फरकानारा, धरमजयगढ़, मुनुंद, बड़ेभंडार आदि सेक्टरों में कुपोषण मुक्त की दिशा किये गए कार्यो की प्रशांसा की। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कुपोषण से बाहर आए बच्चों के अलावा सामान्य बच्चों की भी पूरी देखभाल किया जाए ताकि उनका स्वास्थ्य और बेहतर किया जा सके। कलेक्टर सिंह ने कहा कि सुपोषण अभियान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इस दौरान उन्होंने गंभीर कुपोषण, गर्भवती महिलाओं एवं शिशुवती माताओं को दिए जा रहे आहार की समीक्षा की। उन्होंने गर्म भोजन, अण्डा, रेडी-टू-ईट एवं रागी लड्डू की वितरण की स्थिति की जानकारी ली। विभागीय अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में गर्म भोजन सभी कुपोषित बच्चों एवं एनीमिक महिलाओं को प्रदाय किया जा रहा है, इसी तरह अण्डा व रागी के लड्डू का वितरण सप्ताह में दो बार किया जा रहा है। कलेक्टर सिंह ने महतारी जतन योजनांतर्गत रेडी-टू-ईट एवं गर्म भोजन से लाभान्वित हितग्राहियों की जानकारी ली। कलेक्टर सिंह ने हितग्राहियों के प्रतिशत में वृद्धि करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं को पहले से ट्रेस करें। उनका स्वास्थ्य कैसा है इसकी जानकारी रखें ताकि उनको पोषक आहार प्रदान कर बच्चे के कुपोषित होने से बचाया जा सके। उन्होंने सभी सेक्टर सुपरवाईजर को निर्देशित किया कि गर्भवती माताओं से मिलकर गर्म भोजन सेवन करने के लिए समझाईश दें तथा उनका वैक्सीनेशन भी करवाए। कलेक्टर सिंह मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना से लाभांवित बच्चों की संख्या, एनआरसी में बच्चों की उपस्थिति एवं देखभाल के संबंध में जानकारी ली। विभागीय अधिकारी ने बताया कि एनआरसी में बच्चों की बेहतर देखभाल की जा रही है लेकिन वर्तमान में एनआरसी में कम बच्चे है। जिस पर कलेक्टर सिंह ने एनआरसी में बच्चों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के मानदेय की नियमित भुगतान की भी जानकारी ली। जिस पर विभागीय अधिकारी ने बताया कि सभी को नियमित भुगतान किया जा रहा है। बैठक में महिला बाल विकास अधिकारी टी.के.जाटवर, समस्त सीडीपीओ, सुपरवाईजर उपस्थित रहे।

कॉलेज, स्कूलों एवं आश्रमों में उपलब्ध कराया जाए सेनेटरी पैड- कलेक्टर सिंह ने इस दौरान माहवारी स्वच्छता अभियान पावना की अद्यतन जानकारी ली। कलेक्टर सिंह ने माहवारी जागरूकता व पैड उपयोगिता बढ़ाने के लिए किए जा रहे कार्यो की समीक्षा की। इस दौरान कलेक्टर सिंह ने पंचायतों में महिलाओं की संख्या पर उतने पैड की पूर्ति करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने विभिन्न समूहों द्वारा पैड निर्माण क्षमता एवं वितरण को बेहतर करने के निर्देश दिए। जिससे महिलाओं तक पैड की पहुंच आसान हो सके। इसके अलावा उन्होंने स्कूलों, कॉलेज एवं आश्रमों में सेनेटरी पैड की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

12 ग्राम पंचायत हुए शत-प्रतिशत कुपोषण मुक्त

कलेक्टर सिंह ने कुपोषण दर की विस्तृत जानकारी ली। जिस पर महिला बाल विकास अधिकारी टी.के.जाटवर ने बताया कि विभाग द्वारा वर्तमान में कुपोषण मुक्ति के दिशा में बेहतर कार्य किया जा रहा है। जिसके फलस्वरूप विभिन्न परियोजना के अंतर्गत 12 ग्राम पंचायत शत-प्रतिशत कुपोषण मुक्त हो चुके है।

जिले में त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन का मतदान शांतिपूर्ण संपन्न

» 64.57 प्रतिशत हुआ मतदान, 28 हजार 870 मतदाताओं ने किया अपने मताधिकार का प्रयोग

रायगढ़। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा रायगढ़ जिले में जिला पंचायत सदस्य, सरपंच और पंच के निर्वाचन के लिए आज प्रातः 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हुआ। मतदान के लिए जिले में 99 मतदान केन्द्र बनाए गए थे। जिसमें कुल 64.57 प्रतिशत मतदान हुआ। जिसमें 14 हजार 745 पुरुष और 14 हजार 125 महिलाओं सहित कुल 28 हजार 870 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें रायगढ़ में 74.99 प्रतिशत, बरमकेला में 89.05, सारंगढ़ में 78.54, खरसिया में 82.27, तमनार में 84.04, लैलूंगा में 89.92 तथा धरमजयगढ़ में 59.48 प्रतिशत मतदान हुआ।

6 जोड़ी एक्सप्रेस गाड़ियों में स्थाई अतिरिक्त कोच की सुविधा

रायपुर (आरएनएस)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर रेल मंडल के यात्रियों के लिये अतिरिक्त कोच की सुविधा देते हुए रेलवे प्रशासन ने 06 जोड़ी एक्सप्रेस गाड़ियों में स्थाई अतिरिक्त कोच की सुविधा देने का निर्णय लिया है।

रेल मंडल के अधिकारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा व अधिकाधिक यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली 06 जोड़ी एक्सप्रेस गाड़ियों में अतिरिक्त कोच की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इस सुविधा की उपलब्धता से इस गाड़ी में यात्रा करने वाले अधिकाधिक यात्री लाभान्वित होंगे। जिन गाड़ियों में यह सुविधा दी जा रही है वो क्रमशः गाड़ी संख्या 17482/17481 तिरूपति-बिलासपुर-तिरुपति एक्सप्रेस गाड़ी में एक अतिरिक्त तृतीय श्रेणी वातानुकूलित (3एसी) कोच की सुविधा तिरुपति से 23 जनवरी से तथा बिलासपुर से 25 जनवरी से स्थाई रूप से उपलब्ध रहेगी । गाड़ी संख्या 17007/17008 सिकंदराबाद -दरभंगा-सिकंदराबाद एक्सप्रेस गाड़ी में एक अतिरिक्त तृतीय श्रेणी वातानुकूलित (3एसी) कोच की सुविधा सिकंदराबाद से 22 जनवरी से तथा दरभंगा से 25 जनवरी से स्थाई रूप से उपलब्ध रहेगी। गाड़ी संख्या 18205/18206 दुर्ग-नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस गाड़ी में एक अतिरिक्त प्रथम श्रेणी वातानुकूलित सह द्वितीय श्रेणी वातानुकूलित (1एसी कम 2एसी) सयुंक्त कोच की सुविधा दुर्ग से 17 मार्च से तथा नौतनवा से 19 मार्च से स्थाई रूप से उपलब्ध रहेगी। गाड़ी संख्या 18207/18208 दुर्ग-अजमेर-दुर्ग एक्सप्रेस गाड़ी में एक अतिरिक्त प्रथम श्रेणी वातानुकूलित सह द्वितीय श्रेणी वातानुकूलित (1एसी 2एसी) सयुंक्त कोच की सुविधा दुर्ग से 14 मार्च, से तथा अजमेर से 15 मार्च से स्थाई रूप से उपलब्ध रहेगी। गाड़ी संख्या 18201/18202 दुर्ग-नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस गाड़ी में एक अतिरिक्त द्वितीय श्रेणी वातानुकूलित (2एसी) की सुविधा दुर्ग से 18 मार्च से तथा नौतनवा से 20 मार्च से स्थाई रूप से उपलब्ध रहेगी। गाड़ी संख्या 18203/18204 दुर्ग-कानपुर-दुर्ग एक्सप्रेस गाड़ी में एक अतिरिक्त द्वितीय श्रेणी वातानुकूलित (2एसी) की सुविधा दुर्ग से 15 मार्च से तथा नौतनवा से 16 मार्च से स्थाई रूप से उपलब्ध रहेगी।

बेटे ने गुस्से में क्रिकेट के बल्ले से वृद्ध कर दी पिता की हत्या, गिरफ्तार

» जिला जेल ले जाते समय बिगड़ी तबीयत : केजीएच में कराया गया भर्ती

रायगढ़। कल दिनांक 19.01.2022 के दोपहर लैलूंगा के ग्राम रामपुर पतरापारा में युवक द्वारा मामूली झगड़ा विवाद में उसके वृद्ध पिता को क्रिकेट के बल्ले से मारपीट कर हत्या कर दिया। लैलूंगा पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

दिनांक 19.01.2022 के दोपहर ग्राम रामपुर पतरापारा में एक वृद्ध की हत्या की सूचना पर थाना लैलूंगा से उप निरीक्षक बलदेवसाय पैंकरा, प्रधान आरक्षक सोमेश गोस्वामी, आरक्षक प्रमोद भगत और इलियास केरकेट्टा ग्राम रामपुर पहुंचे। जहां मृतक अनंतराम भगत पिता स्व. सुखीराम भगत (उम्र 62 वर्ष) का शव उसके घर के पास रखा हुआ था। मृतक के छोटे भाई अशोक कुमार भगत (उम्र 43 साल) पुलिस टीम को बताये कि दिनांक 19/01/2022 के दोपहर करीब 14.00 बजे इसका लडका अभिषेक भगत आकर इसे बताया कि बडे पापा अनत राम भगत (मृतक) को उसका लडका दिवाकर भगत अपने पास रखे क्रिकेट के बैट से सिर में चार-पांच बार मारा है जिससे अनत राम खून से लतपत हो गया। तब तत्काल डायल 112 को कॉल कर बुलाये, डॉयल 112 वाहन के साथ संजीवनी वाहन 108 वाहन भी आई थी जिसके स्टाफ अनंतराम को चेक कर फौत हो जाना बताये। उप निरीक्षक बलदेव पैंकरा द्वारा घटनास्थल पर मर्ग पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजकर पुलिस टीम द्वारा आरोपी दिवाकर भगत पिता अनत राम भगत उम्र 34 वर्ष निवासी रामपुर पतरापारा थाना लैलूंगा की गांव में पतासाजी कर हिरासत में लेकर थाना लाया गया। आरोपी से पूछताछ में बताया कि दोपहर में उसका बेटा (मृतक का पोता) घर के पास क्रिकेट खेल रहा था जिसका बॉल पिताजी (अनंतराम भगत) को लगने पर पिताजी बच्चों को गाली गलौच कर रहे थे, तब मेरे बेटे को गाली गलौच कर रहे हो कहकर गुस्से से क्रिकेट के बल्ले से पिताजी के सिर में मारा जो फौत हो गये। आरोपी के अपराध स्वीकार बाद गिरफ्तार कर आज सुबह रिमांड पर भेजा गया है।

अरोपी की बिगड़ी तबीयत

दिनांक 20.01.2022 के दोपहर थाना लैलूंगा के अपराध क्रमांक 18/2022 धारा 302 ताहि के गिरफ्तार आरोपी दिवाकर भगत पिता अनत राम भगत उम्र 34 वर्ष निवासी रामपुर पतरापारा थाना लैलूंगा का डाक्टरी मुलाहिजा बाद थाना लैलूंगा के आरक्षकों द्वारा आरोपी को घरघोड़ा न्यायालय में न्यायिक अभिरक्षा के लिए पेश किया गया, जहां आरोपी का जेल वारंट जारी होने पर थाना लैलूंगा के दो आरक्षकों द्वारा आरोपी को सुरक्षा पूर्वक जिला जेल रायगढ़ दाखिल कराने लाया जा रहा था कि लाखा-गेरवानी के बीच रिंकू ढाबा के पास आरोपी दिवाकर भगत को झटके आने लगे आरक्षकों द्वारा आरोपी की तबीयत बिगड़ती देख 108 वाहन को कॉल कर वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना देते हुए आरोपी को केजीएच ले जाकर भर्ती कराये।

घर के बाडी में छिपाकर रखे 9 लीटर महुआ शराब की जब्ती

» आरोपी को भेजा गया रिमांड पर, बरमकेला पुलिस की कार्रवाई

रायगढ़। दिनांक 19/01/2022 को बरमकेला थाने के सहायक उप निरीक्षक रूपलाल चौधरी के नेतृत्व में आरक्षक तरूण महिलाने, तरूण महिलाने द्वारा मुखबिर सूचना पर ग्राम सराईपाली के शक्राजीत यादव के घर बाड़ी में जाकर शराब रेड की कार्रवाई किया गया। थाना प्रभारी बरमकेला निरीक्षक डी.के. मारकण्डेय को मुखबिर से सूचना मिली थी कि शक्राजीत यादव घर पर अवैध शराब की बिक्री करता है। पुलिस टीम द्वारा शक्राजीत यादव को घर के पास तलब कर शराब रखने के संबंध में कड़ी पूछताछ करने पर बाड़ी के पैरावट में शराब छिपाकर रखना बताया। आरोपी के पेश करने पर 09 लीटर महुआ शराब की जप्ती कर आरोपी शक्राजीत यादव पिता कार्तिक राम यादव उम्र 32 वर्ष सा0 सराईपाली थाना बरमकेला पर धारा 34(2),59(क) आबकारी एक्ट की कार्रवाई कर रिमांड पर भेजा गया है।

मिलर्स के बनाये रोस्टर अनुसार चावल गोदामों में होता है जमा-जिला खाद्य अधिकारी

» बारिश के मद्देनजर तारपोलिन से ढंक कर रखा गया था चावल

रायगढ़। आफत की बारिश ने भिगोया हजारों क्विंटल धान एवं बेमौसम बारिश से खरीदी केन्द्रों में रखा हजारों क्विंटल धान भीगा के संबंध में खबरें समाचार पत्र में प्रकाशित हुई थी। जिसके संबंध में खाद्य अधिकारी रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि रायगढ़ में बेमौसम बारिश के पूर्वानुमान की जानकारी राईस मिलर्स को पूर्व से ही दी गई थी, जिससे राईस मिलरों द्वारा भारतीय खाद्य निगम, केन्द्रीय भण्डार गृह निगम, छ.ग.राज्य भण्डार गृह निगम एवं नागरिक आपूर्ति निगम के गोदामों में चावल ट्रकों में लोडमय चावल व डम्प चावल को तारपोलिन से ढक कर रखा गया था जिसके कारण राईस मिल का चावल खराब नहीं हुए है।

राईस मिलरों का चावल जमा हेतु रोस्टर राईस मिलरों के द्वारा आपसी सहमति से राईस मिलर्स एसोसियेशन द्वारा तैयार किया जाता है एवं ऐसोसियेशन के निवेदन पर निगरानी खाद्य विभाग द्वारा किया जाता है कि सभी राईस मिलरों को क्षमतानुसार समान रूप से चावल जमा का अवसर मिल सके। जिले में चावल जमा हेतु गोदामों की संख्या कम है जिसके कारण से सभी मिलरों का एक साथ चावल जमा नहीं लिया जा सकता है, इस हेतु राईस मिल एसोसियेशन स्वयं निर्णय लेकर राईस मिलरों को उनके क्षमतानुसार चावल जमा का कार्य का रोस्टर बनाया जाकर सभी राईस मिलरों से चावल जमा कराया जाता है।

पढ़ई तुंहर दुआर 2.0 व कबाड़ से जुगाड़ अंतर्गत जिला स्तरीय ऑनलाइन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

» नवाचार के रूप में आयोजन का हुआ फ्री एयर डायरेक्ट ब्रॉडकास्टिंग

रायगढ़। बच्चों की नैसर्गिक प्रतिभा को संवारने तथा शिक्षा के समसामयिक गतिविधियों से रूबरू कराने एवं उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से समग्र शिक्षा राज्य परियोजना कार्यालय रायपुर के निर्देशानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी आर.पी.आदित्य एवं डीएमसी देवांगन के मार्गदर्शन में 19 जनवरी 2022 को जिला स्तरीय ऑनलाइन वर्चुअल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पढ़ई तुंहर दुआर 2.0 व कबाड़ से जुगाड़ के विभिन्न विधाओं अंतर्गत आयोजित वर्चुअल ऑनलाइन प्रतियोगिता में जिले के छात्र-छात्राओं ने शिक्षा के आयामों में सृजन के रंग भरते हुए अपने प्रतिभा का जादू बिखेरा। जिला स्तरीय प्रतियोगिता कार्यक्रम के जिला प्रभारी आलोक स्वर्णकार एपीसी तथा जिला प्रशिक्षण प्रभारी भुवनेश्वर पटेल एपीसी के निर्देशन पर आनलाईन कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। विदित हो कि कोरोना काल में बच्चों की पढ़ाई जारी रखने के साथ ही उनकी प्रतिभा को निखारने व संवारने शासन-प्रशासन के द्वारा हर संभव प्रयास किया जा रहा है। पढ़ई तुंहर दुआर के प्रथम चरण की आशातीत सफलता के बाद शिक्षा के विविध आयामों में बच्चों में अपेक्षित दक्षता, कला कौशल, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नई सोच विकसित करने पढ़ई तुंहर दुआर 2.0 संचालित किया जा रहा है जिसमें कक्षा पहली से 12 वीं तक के विद्यार्थियों को शिक्षा के नवाचारी मॉडलों से परिचय कराना तथा बच्चों में अंतर्निहित प्रतिभा को निखारने का नवा जतन करना मुख्य उद्देश्य रहा है। पढ़ई तुंहर दुआर 2.0 का मुख्य उद्देश्य शिक्षा के माध्यम से बच्चों को सामाजिक परिवेश से जोड़ने, मौखिक अभिव्यक्ति, वैज्ञानिक नजरिया विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए सीखने के नए अवसर उपलब्ध कराना है वहीं कबाड़ से जुगाड़ के अंतर्गत बच्चों की सृजनात्मक क्षमता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण में वृद्धि करना मुख्य उद्देश्य रहा है।

उल्लेखनीय है कि पढ़ई तुंहर दुआर व कबाड़ से जुगाड़ के विभिन्न विधाओं अंतर्गत जिले के 9 विकास खंडों से विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह एवं उमंग के साथ भाग लिया और अपने कौशल तथा प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वर्तमान कोविड संक्रमण की परिस्थिति एवं उसके विस्तार को दृष्टिगत रखते हुए ही ऑनलाइन वर्चुअल प्रतियोगिता रखी गई थी। उल्लेखनीय है कि उक्त ऑनलाइन वर्चुअल प्रतियोगिता में प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के बच्चों के द्वारा कई आकर्षक मॉडल का भी प्रदर्शन किया गया। इस आयोजन की खास बात यह रही कि इस आयोजन की फ्री डायरेक्ट ब्रॉडकास्टिंग भी की गई जो यूट्यूब में उपलब्ध है। इसके साथ ही कबाड़ से जुगाड़ जो कि प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई थी उनसे संबंधित मॉडल का जिला स्तरीय प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

जिला स्तरीय उक्त कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय रायगढ़ के राजेंद्र कलेत, विकास मिश्रा एवं श्रीमती अनीता देवांगन पूरे कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रहे तथा बच्चों का मार्गदर्शन भी किया। कार्यक्रम का सफल संचालन शशिकांत बाथम ने किया। ऑनलाइन प्रतियोगिता को सफल बनाने में तकनीकी सहयोगी के रुप में देवेन्द्र पटेल, उमाशंकर साहू तथा जसवंत राठिया एवं समस्त नौ विकासखंड के विकासखंड नोडल अधिकारियों की उपस्थिति रही।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480